## संक्षेप में

### एम्मार इंडिया गुरुग्राम में लगाएगी 1,000 करोड़ रु

रियल एस्टेट कंपनी एम्मार इंडिया प्रीमियम आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के बीच गुरुग्राम में नई लक्जरी आवास परियोजना के निर्माण के लिए करीब 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने गुरुग्राम के सेक्टर 62 स्थित गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर नई परियोजना 'अमरिस' पेश की है। एम्मार इंडिया के मुख्य कार्य अधिकारी कल्याण चक्रवर्ती ने कहा, 'हमने गुरुग्राम में एक नई आवासीय परियोजना शुरू की है।' *भाषा*

### गोदरेज ने कोलकाता में 53 एकड़ जमीन खरीदी

रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने एक परियोजना के निर्माण के लिए कोलकाता में 53 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है, जिसकी राजस्व क्षमता करीब 500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। गोदरेज प्रॉपर्टीज भारत की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से एक है। *भाषा*

### रिन्यू एनर्जी ग्लोबल का मुनाफा 31 प्रतिशत बढ़ा

रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी (रिन्यू) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 493.9 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 377.1 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने कहा किरिन्यू की कुल आय भी सालाना आधार पर बढ़कर 2,988.7 करोड़ रुपये हो गई। *भाषा*

**इंजीनियरिंग, विनिर्माण क्षेत्र का पोर्टफोलियो बढ़ा रहा अदाणी समूह**

# अदाणी की नजर अधिग्रहण पर

देव चटर्जी
मुंबई, 20 नवंबर

अरबपति अदाणी परिवार आईटीडी सीमेंटेशन और पीएसपी प्रोजेक्ट्स का अधिग्रहण करके खुद का (इन-हाउस) निर्माण और इंजीनियरिंग तंत्र तैयार कर रहा है। साथ ही वह सक्रिय रूप से अतिरिक्त अधिग्रहण के अवसरों की तलाश भी कर रहा है। बैंकरों ने यह जानकारी दी है।

साल 2030 तक अपनी 100 अरब डॉलर की निवेश योजना के तहत अहमदाबाद के इस समूह ने धारावी पुनर्विकास, गंगा एक्सप्रेसवे, मुंबई में एक विशाल कन्वेंशन सेंटर और हवाई अड्डों सहित बड़े स्तर पर कई निर्माण परियोजनाएं शुरू की हैं। इन परियोजनाओं के लिए इन-हाउस इंजीनियरिंग और निर्माण विशेषज्ञता की दरकार होती है। इसलिए समूह ने अक्टूबर में आईटीडी सीमेंटेशन, पीएसपी प्रोजेक्ट्स सहित हालिया अधिग्रहण किए हैं। बैंकरों का कहना है कि समूह परिवार कार्यालय के जरिए अन्य अवसरों पर विचार कर सकता है।

चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय के रूप में 67,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही अदाणी एंटरप्राइजेज के अधिकारियों ने कहा था कि ये अधिग्रहण इन-हाउस क्षमता का निर्माण करने के लिए हैं।

### अधिग्रहण के जरिये विस्तार की तैयारी

**100 अरब डॉलर की निवेश योजना के तहत समूह ने कई निर्माण परियोजनाएं शुरू की हैं**

अदाणी समूह के अधिग्रहण

| घोषणा की तिथि | कंपनी का नाम | अधिग्रहणकर्ता | राशि |
|---|---|---|---|
| 6/13/2024 | पेना सीमेंट इंडस्ट्रीज | अंबुजा सीमेंट्स | 124.7 |
| 10/22/2024 | ओरिएंट सीमेंट | अंबुजा सीमेंट्स | 71.2 |
| 10/25/2024 | आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया | रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी | 59.3 |
| 5/16/2024 | एस्सार ट्रांसको | अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस | 22.8 |
| 8/30/2024 | एस्ट्रो ऑफशोर कॉर्प | अदाणी पोर्ट्स ऐंड स्पेशल इकनॉमिक जोन | 19.5 |
| 11/20/2024 | पीएसपी प्रोजेक्ट्स | अदाणी इन्फ्रा (इंडिया) | 10.8 |
| 4/15/2024 | 1.5 एमटीपीए सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट/तूतीकोरिन | अंबुजा सीमेंट्स | 5.0 |
| 7/11/2024 | ओमकार केमिकल इंडस्ट्रीज | अदाणी विल्मर | 0.7 |
| 5/2/2024 | पॉइंटलीप प्रोजेक्ट्स | अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस | 0.2 |

कंपनी : अदाणी एंटरप्राइज, अदाणी पोर्ट्स ऐंड स्पेशल इकनॉमिक, अंबुजा सीमेंट्स, अदाणी टोटाल गैस, एसीसी लिमिटेड, अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी विल्मर, नई दिल्ली टेलीविजन, अदाणी पावर, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने आवेदन किया : अधिग्रहणकर्ता
तारीख : सामान्य (1 जनवरी, 2024, 19 नवंबर 2024) आवेदन करने की, ऐलान करने वाली तारीख
सौदे की स्थिति : लंबित, पूरे हुए सौदे का प्रकार : अधिग्रहण और विलय, निवेश
आंकड़ों में समूह की कंपनियों के बीच हुए सौदे शामिल नहीं हैं स्रोत : ब्लूमबर्ग, बीएस रिसर्च ब्यूरो द्वारा संकलित। *करोड़ डॉलर में

अदाणी समूह के सीएफओ जुगेशिंदर (रॉबी) सिंह ने सितंबर तिमाही के परिणामों के बाद आईटीडी सीमेंटेशन के अधिग्रहण का जिक्र करते हुए विश्लेषकों को बताया 'अदाणी इन्फ्रा (इंडिया), जो हमारी निर्माण शाखा है, आईटीडी सीमेंटेशन खरीद रही है, क्योंकि हमारे पूंजीगत व्यय में वृद्धि को देखते हुए उन्हें अपना निर्माण का पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की जरूरत है और चूंकि वे समूह की विभिन्न कंपनियों को निर्माण का आश्वासन प्रदान कर रहे हैं, इसलिए वे लगातार अपना पारिस्थितिकी तंत्र बढ़ा रहे और अपनी क्षमता का निर्माण कर रहे हैं।'

अक्टूबर में अदाणी समूह की रीन्यू एक्जिम डीएमसीसी, जो दुबई की निजी कंपनी है, ने इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया में इसके प्रवर्तकों से 3,204 करोड़ रुपये की राशि में 46.64 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी। यह अधिग्रहण समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स द्वारा सीके बिड़ला समूह से ओरिएंट सीमेंट में 8,100 करोड़ रुपये के इक्विटी मूल्यांकन पर 47 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के कुछ दिनों के भीतर किया गया था।

ये सौदे दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है। पीएसपी प्रोजेक्ट्स के अधिकारियों ने कहा कि अदाणी के अधिग्रहण से उन्हें उम्मीद है कि उनकी ऑर्डर बुक मौजूदा 6,500 करोड़ रुपये के मुकाबले बढ़ जाएगी क्योंकि अदाणी के पोर्टफोलियो वाली कंपनियां रक्षा, हवाईअड्डों और बुनियादी ढांचे में कई परियोजनाएं शुरू कर रही हैं। कंपनी के अधिकारियों ने बुधवार को विश्लेषकों के साथ बातचीत में कहा कि पीएसपी प्रोजेक्ट्स कांडला में अदाणी समूह की औद्योगिक परियोजनाओं और मुंबई के धारावी में नई इमारतों के निर्माण की दौड़ में शामिल होगी।

#### पुणे-3 ट्रांसमिशन खरीदेगी

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने एक परियोजना विशेष इकाई पुणे-3 ट्रांसमिशन लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एईएसएल ने बुधवार को यह जानकारी दी। एईएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पुणे-3 ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीटीएल) परियोजनाओं में नए दो गुणा 1500 एमवीए, 765/400 केवी और तीन गुणा 500 एमवीए, 400/220 केवी पुणे-3 उपकेंद्रों की स्थापना और 816 सीकेएम ट्रांसमिशन लाइन की स्थापना शामिल है। कंपनी ने कहा कि एईएसएल ने पुणे-3 ट्रांसमिशन लिमिटेड के 100 प्रतिशत इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण के लिए पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड के साथ एक शेयर खरीद समझौता (एसपीए) किया है।

इस समझौते के तहत, पीटीएल का लक्ष्य चरण-4 भाग डी पैकेज के तहत खावड़ा आरई पार्क (गुजरात) से सात गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी को क्रियान्वित करना होगा। यह अधिग्रहण एईएसएल की नए और पुराने अवसरों के माध्यम से अपने शेयरधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने की रणनीति को आगे बढ़ाने में मदद करेगा है। *भाषा*

# स्टील आयात पर कर का अध्ययन कर रही सरकार: जिंदल

**अगले साल जनवरी के अंत तक जेएसडब्ल्यू के सीमेंट कारोबार के लिए आईपीओ लाने की मंजूरी मिलने की उम्मीद**

रॉयटर्स
बेंगलूरु, 20 नवंबर

**जेएसडब्ल्यू** समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने बुधवार को कहा है कि केंद्र सरकार चीन से स्टील आयात पर अस्थायी कर लगाने के अनुरोध का अध्ययन कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा है कि उन्हें अगले साल जनवरी के अंत तक उनके सीमेंट कारोबार के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की नियामकीय मंजूरी मिल सकती है।

सज्जन जिंदल ने कहा, 'हम इस्पात मंत्रालय के साथ काफी धैर्यवान रहे हैं।' साथ ही उन्होंने देश में चीनी स्टील की डंपिंग के खिलाफ सुरक्षा के लिए सरकार से उद्योग के अनुरोध भी जिक्र किया है। बेंगलूरु में आयोजित उद्योग के एक कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा, 'हम सरकार से मुक्त व्यापार समझौते वाले देशों से भारत में आने वाले चीनी स्टील की धोखाधड़ी रोकने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं। अस्थायी कर पर अनुरोधों का अध्ययन करने की प्रक्रिया उपयोगकर्ता उद्योग के साथ परामर्श पर निर्भर है। हमें अभी तक मंत्रालय से कोई जवाब नहीं मिला है।

भारतीय स्टील मिलें चीनी स्टील आयात की बढ़ती आमद से जूझ रही हैं, जिससे घरेलू कीमतों पर असर पड़ रहा है और कंपनियों की कमाई भी प्रभावित हो रही है। सरकार के अनंतिम आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अप्रैल से अक्टूबर के दौरान देश का स्टील आयात साल साल के उच्चतम स्तर 57 लाख टन पहुंच गया। सज्जन जिंदल ने कहा कि देश में अधिक चीनी स्टील का अर्थ है कि स्टील मार्जिन कम रहेगा जबकि निवेश और क्षमता विस्तार के लिए अधिशेष भी अधिक नहीं रहेगा।

इस महीने की शुरुआत में एक अन्य कंपनी टाटा स्टील के मुख्य कार्य अधिकारी टीवी नरेंद्रन ने कहा था कि लंबे समय तक स्टील आयात से उद्योग की निवेश योजनाओं को हानि हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि सज्जन जिंदल ने उम्मीद जताई है कि इस साल जनवरी के अंत तक उनके प्रस्तावित जेएसडब्ल्यू सीमेंट की आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल जाएगी। सितंबर में सेबी द्वारा 47.7 करोड़ डॉलर के आईपीओ पर रोक लगाने के बाद समूह ने पहली बार इस बारे में कोई टिप्पणी की है।

पंजीकृत कार्यालय:– डीसीबी बैंक लिमिटेड, 6टा तल, टॉवर ए, पैनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013
रिटेल एसेट कलेक्शन डिपार्टमेंट :– डीसीबी बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 160 देवाशीय कॉम्पलेक्स एमपी नगर जोन 1 भोपाल एमपी–462011

DCB BANK

ई–नीलामी बिक्री सूचना
(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के अंतर्गत)

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना**

एतद् द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), सह–उधारकर्ताओं और विशेष रूप से गारंटरों को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित संपत्ति डीसीबी बैंक लिमिटेड को बंधक रखी गई है, बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने
वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत के अंतर्गत भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया है। संपत्तियों को नीचे उल्लेखित बकाया राशि और भविष्य के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए नीचे उल्लेखित निविदा सह सार्वजनिक ई–नीलामी द्वारा बेचा जाएगा। संपत्तियों को ''जो है जहां है'' और ''जो है जैसा है'' की शर्त पर बेचा जाएगा।

| क्र. सं. | उधारकर्ता(ओं) और सह–उधारकर्ता(ओं) का नाम | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (रु.) | ईएमडी (रु.) | ई–नीलामी की दिनांक | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री लक्ष्मण प्रसाद साहू | संपत्ति वार्ड क्रं. 8, बरेठ रोड, गंजबासौदा, जिला विदिशा | 6,00,000 | 60000 | 10-12-2024 | भौतिक |
| 2 | श्री दिनेश डोडानी | वह सभी फ्लैट सं. एस–2, प्लॉट सं. 45 और 46, सी पी होम्स, अपार्टमेंट,दूसरा तल, ओल्ड सिंधी कॉलोनी, बैरसिया रोड पर स्थित, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, भोपाल– 462001, मध्य प्रदेश, भारत | 8,00,000 | 80000 | 10-12-2024 | भौतिक |
| 3 | श्री सचिन कुमार जैन | वह सभी मकान बंदोबस्त सं. 75 पी. एच सं. 16, प्लॉट सं. 13/1, आजादवार्ड गोटेगांव, नरसिंहपुर, गोटेगांव –487118,मध्य प्रदेश | 10,00,000 | 100000/- | 10-12-2024 | भौतिक |
| 4 | श्री टेक सिंह भदौरीया | एसबीआई के पास, पी एच सं. 32, के एच. सं. 491/01, वार्ड सं. 11, मुकाम पोस्ट साई खेड़ा, तहसील गाडरवाड़ा, जिला नरसिंहपुर | 15,00,000 | 150000 | 10-12-2024 | भौतिक |
| 5 | श्री मुलम तुलसियानी | वह सभी एक न्यू क्वाटर सं. बी–59/574, ओल्ड क्वाटर सं. बी–78/6, बैरागढ़, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश–466001 | 7,00,000 | 70000 | 10-12-2024 | भौतिक |
| 6 | श्री जावेद खान, शायरा बी | वह सभी प्लॉट सं. 41 जवाहर मार्ग ब्यावरा, राजगढ़ 465674 | 10,00,000 | 100000 | 10-12-2024 | भौतिक |
| 7 | श्री धर्मेंद्र महेश्वरी | वह सभी मकान खसरा सं. 169/1/2/2/3, पी. एच सं. 21, मिलन मैरेज गार्डन के पास, अग्रवाल कॉलोनी वार्ड सं.7, नसरूल्लागंज सिहोर–466331 | 25,00,000 | 250000 | 10-12-2024 | भौतिक |
| 8 | श्री अरविंद ठाकुर | वह सभी आवासीय मकान वार्ड सं. 17, अन्य क्षेत्र मण्डीदीप, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन–462040 | 3,00,000 | 30000 | 10-12-2024 | भौतिक |
| 9 | श्री दीपक कुमार शुक्ला | वह सभी पंचवटी कॉलोनी, मण्डी क्षेत्र के दक्षिण में , इंद्रा वार्ड सं. 3, खसरा सं. 166/98 का भाग, 166/106, तहसील गाड़रवाड़ा जिला नरसिंहपुर | 3,00,000 | 30000 | 10-12-2024 | भौतिक |
| 10 | श्री राकेश कुमार सिंह, ओमवति बाई | वह सभी मकान मौजा प्लॉट सं. 71, पटवारी हल्का सं. 10, वार्ड सं. 09, चौरसिया मोहल्ला, तहसील पचौर, जिला राजगढ़, म.प्र–465683 | 3,00,000 | 30000 | 10-12-2024 | भौतिक |
| 11 | श्री अंकित चौहान | आवआसीय प्लॉट सं. 94, वार्ड सं. 17 पर स्थित, न्यू वार्ड सं. 23, पी .एच सं. 3, रॉयल पार्क सिटी मण्डीदीप, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन, म.प्र. | 6,00,000 | 60000 | 10-12-2024 | भौतिक |

**ईएमडी जमा करने की तिथि और समय 09.12.2024 को या उससे पहले अर्पाह्न 05:00 बजे तक भागीदारी पत्र के अनुरोध पत्र के साथ केवाईसी, पैन कार्ड, ईएमडी का प्रमाण ईमेल आईडी– Rahul.tamrakar@dcbbank.com**
**इच्छुक खरीदारों/बोलीदाताओं को लाभार्थी के नाम पर एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी राशि जमा करनी होगी, डीसीबी बैंक लिमिटेड, शाखा–पुणे सतारा रोड, खाता नाम–आरएओयू गैर पीडीसी संग्रह, खाता संख्या 0812955100223 आईएफएससी कोड DCBL0000081 निरीक्षण तिथि और समय : 25.11.2024 से 08.12.2024 तक पूर्वाह्न 11:00 बजे से दोपहर 14:00 बजे के बीच श्री राहुल ताम्रकार से मोबाइल सं. 909800225 पर संपर्क करें।**

ई–नीलामी के नियम और शर्तें
(1) नीलामी बिक्री; बोली ऊपर दी गई तालिका में उल्लेखित दिनांकों पर 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से ''ऑनलाइन ई–नीलामी'' होगी।
बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली जमा करने और ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले नीलामी बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net देखें।
(2) इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल के साथ खुद को पंजीकृत करना होगा और अग्रिम रूप से लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई–बोली के लिए अनिवार्य है, नीलामी सेवा प्रदाता (मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (नीलामी टाईगर) अहमदाबाद (दूरभाष:– 079–6813 6837/80/90, (मो) 9265562821–9265562818) संपर्क व्यक्ति: श्री चिंतन भट्ट नंबर 9978591888, Email:chintan.bhatt@ auctiontiger.net, support@autiontiger.net
कृपया ध्यान दें कि, संभावित बोलीदाता केवल अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं।
(3) निर्धारित प्रारूप में आवेदन करके नीलामी प्रक्रिया में ऑनलाइन ई–नीलामी भागीदारी अनिवार्य है जो वेबसाइट पर प्रस्ताव/निविद हस्तावेज के साथ उपलब्ध है।
(4) बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे लिंक
https://www.dcbbank.com/cms/showpage/page/customer-corner का संदर्भ देते हुए अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के माध्यम से जाएं और अधिक जानकारी के लिए डीसीबी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारियों श्री राहुल ताम्रकार/राजेश साहू से 9098000225/7987457133 पर सीधे संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक : 21.11.2024
स्थान : भोपाल
हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, डीसीबी बैंक लिमिटेड

#### रहेजा डेवलपर्स ने किया एनसीएलएटी का रुख

**रहेजा** डेवलपर्स ने दिवाला कार्यवाही शुरू करने के फैसले को अपीलीय अधिकरण एनसीएलएटी के समक्ष याचिका दायर कर बुधवार को चुनौती दी। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलटी) ने रहेजा डेवलपर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का मंगलवार को निर्देश दिया था। गुरुग्राम स्थित शिलास परियोजना के फ्लैट आवंटियों की याचिका पर यह निर्देश दिया गया है। *भाषा*

ManiBhavnam Home Finance
मणिभवनम होम फायनेंस इंडिया प्रायवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : दूसरी मंजिल, एन-2, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-1, नई दिल्ली-110049

संशोधन
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक **20.11.2024** को इसी समाचार पत्र में **''कब्जा सूचना''** शीर्षक से प्रकाशित विज्ञापन में ऋणी क्रमांक 2 में ऋणी का नाम देवनारायण दुबे के स्थान पर **देवेन्द्र दुबे पढ़ा जावें**। शेष विवरण यथावत रहेगा।
ह/–
प्राधिकृत अधिकारी

# एमजी की विंडसर की बिक्री टॉप गियर में

शाइन जैकब और सोहिनी दास
चेन्नई/मुंबई, 20 नवंबर

**पिछले** साल तक इलेक्ट्रिक यात्री वाहन बाजार में एकाधिकार रखने वाली टाटा मोटर्स को जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया से कड़ी चुनौती मिल रही है। कंपनी ने अपनी नई एमजी विंडसर बाजार में उतारने के साथ ही रफ्तार पकड़ ली है। विंडसर ने अक्टूबर में न केवल इलेक्ट्रिक कारों की कुल थोक बिक्री में 30 प्रतिशत का योगदान दिया, बल्कि अपनी शुरुआत के बाद से प्रतिदिन औसतन कम से कम 200 बुकिंग भी हासिल की। एमजी विंडसर ईवी की डिलिवरी 12 अक्टूबर से शुरू हुई थी।

इसके अलावा कंपनी को पहले 24 घंटों के भीतर 15,000 बुकिंग मिलीं जिससे इंतजार की अवधि मॉडल के आधार पर चार से छह महीने तक बढ़ गई। दूसरी तरफ ईवी क्षेत्र में धीरे-धीरे प्रतिस्पर्धा बढ़ने से टाटा मोटर्स की खुदरा बाजार हिस्सेदारी, जो अक्टूबर 2023 में 74 प्रतिशत थी, अक्टूबर 2024 में गिरकर 58 प्रतिशत रह गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर्स ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि हर छह महीने में एक मॉडल उतारने की योजना से प्रतिस्पर्धा और बढ़ सकती है। दिलचस्प यह है कि एमजी के पोर्टफोलियो में ईवी की हिस्सेदारी भी पिछले साल की मात्र 35 प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर में करीब 70 प्रतिशत हो गई है।

प्रारूप संख्या यूआरसी–2
अधिनियम के अध्याय-XXI के भाग 1 अधीन पंजीकरण के बारे में सूचना देने का विज्ञापन (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(बी) और कंपनी (रजिस्टर करने के लिए प्राधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसरण में)

1. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप–धारा (2) के अनुसार, भोपाल में कंपनी/सोसायटी के रजिस्ट्रार को एक आवेदन किया गया है कि **''कमिंग टुगेदर फॉर चेंज''** नामक पंजीकृत सोसायटी को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग I के अंतर्गतगारंटी द्वारा सीमित लिमिटेड कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।
2. **कंपनी के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं:-**
• विज्ञान साहित्य कला आदि को बढ़ावा देना।
3. प्रस्तावित कंपनी **''कमिंग टुगेदर फॉर चेंज फाउंडेशन''** या मौजूदा सोसायटी द्वारा अनुमोदित किसी अन्य नाम के प्रारूप ज्ञापन और एसोसिएशन के लेखों की एक प्रति पंजीकृत कार्यालय **1-बी हरिनगर वाटर टैंक के पास होशंगाबाद रोड पोस्ट-मिसरोद एमपी भोपाल-462047** में देखी जा सकती है।
4. इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि इस आवेदन पर आपत्ति करने वाला कोई भी व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से **इक्कीस दिनों** के भीतर सोसायटी के रजिस्ट्रार, भोपाल को लिखित रूप में अपनी आपत्ति बता सकता है, साथ ही एक प्रति सोसायटी के पंजीकृत कार्यालय में भी भेज सकता है।

**दिनांक : 21.11.2024**
**भारत परमार**
**(सोसायटी के अध्यक्ष)**

# 'सहज रिटर्न का दौर बीता, उम्मीदें कम करें'

अभिषेक कुमार
मुंबई, 20 नवंबर

**मोतीलाल** ओसवाल प्राइवेट वेल्थ ने हालिया नोट में कहा है कि सहज रिटर्न का वह दौर बीत गया लगता है, जब तेजी के ज्वार में हर कश्ती उछल रही थी। उसने इसके लिए आगामी वर्षों में कंपनियों की आय वृद्धि में नरमी की संभावना का हवाला दिया है।

मोतीलाल ओसवाल वेल्थ के प्रबंध निदेशक और सीईओ आशिष शंकर ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में से 22 में बाजारों में 10 फीसदी या उससे अधिक साल के भीतर गिरावट देखी गई है और निवेशकों को तेजी के ऐसे उतार-चढ़ाव वाले दौर के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। हमारे विचार में सहज रिटर्न का दौर (जहां ज्वार बढ़ने पर सभी नौकाएं उछल जाती हैं) खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि हम बाजार के रुझानों के पीछे भागने के बजाय टिकाऊ वृद्धि दिखाने वाले मजबूत व्यवसायों वाली कंपनियों पर ध्यान देने का अपना रुख दोहराते हैं।

शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लि.
पंजीकृत कार्यालयः 501, सलकॉन ऑरम, जसोला डिस्ट्रीक सेन्टर, नई दिल्ली–110025
सीआईएनः U65900DL2020PLC366027

नीलामी नोटिस

शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लि. के निम्नलिखित कर्जदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत नोटिसों सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद कर्जदारों द्वारा बैंक से लिए गए स्वर्ण ऋण/ओं को समायोजित नहीं किया गया है। सभी कर्जदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक में बतौर प्रतिभूति रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय किया गया है और तद्नुसार शाखाओं जहाँ से ऋण प्राप्त किए गए थे, उनके परिसरों में नीलामी की तिथि **29.11.2024 समय अप. 03:00** नियत की गई है। कर्जदारों सहित सभी, खाता धारकों और सर्व साधारण नीलामी के निबंधन व शर्तों के अनुसार इस नीलामी में प्रतिभागिता कर सकते हैं।

| शाखा | खाता सं. | खाता धारक का नाम | पिता/पति/पत्नी का नाम | पता | खाता खोलने की तारीख | अदायगी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| माजीवाड़ा थाने | 103742511616 | जय पी मंडल | पुत्र मुरारी मोहन मंडल | मकान नं. 17, मधुवन के, वार्ड नं. 28, रिलाइंस पेट्रोल पंप के पीछे, देवास, मध्य प्रदेश–455001 | 18-07-2024 | 408,391.48 |
| इंदौर | 101042520170 | बसंती बाई | पुत्र कैलाश | पालदा, शिव पार्वती नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश– 452001 | 18-06-2024 | 39,452.56 |
| इंदौर | 101042520251 | सागर वर्मा | पुत्र दिनेश वर्मा | माता जी के मंदिर के पास, 456/8, समाजवाड़ी इंदिरा नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश–452002 | 19-07-2024 | 210,459.34 |
| इंदौर | 101042520253 | श्रीकांत वर्मा | पुत्र दिनेश वर्मा | 456/8, समाजवाड़ी इंदिरा नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश– 452009 | 19-07-2024 | 208,840.43 |

नीलामी तिथि 29.11.2024 समय अप. 03:00 बजे है।
बैंक के पास बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लि.

## पृष्ठ 1 के शेष

# एयरटेल ने नोकिया को दिया बड़ा ठेका

**एयरटेल** ने स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है, 'नोकिया अपने मल्टीबैंड रेडियो और बेसबैंड उपकरणों के साथ एयरटेल के मौजूदा 4जी नेटवर्क को आधुनिक बनाएगी जो 5जी के लिए भी उपयुक्त होगा।'

एयरटेल ने कहा कि कंपनी नेटवर्क की बेहतर निगरानी एवं प्रबंधन के लिए नोकिया के मंटारे नेटवर्क मैनेजमेंट का भी फायदा उठाएगी। इसमें एआई आधारित टूल्स कवरिंग डिजिटल डेप्लॉयमेंट, ऑप्टिमाइजेशन ऐंड टेक्निकल सपोर्ट का उपयोग किया जाता है। कंपनी अब 4जी क्षमता में निवेश नहीं कर रही है। वह उन बाजारों में 5जी सेवाएं शुरू करने के लिए काम कर रही है जहां उसे मोबाइल फोन और फिक्स्ड वायरलेस ऐक्सेस पर 5जी की मांग दिख रही है। भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गोपाल विट्ठल ने कहा, 'नोकिया के साथ यह रणनीतिक साझेदारी हमारे नेटवर्क बुनियादी ढांचे को भविष्य के लिए सुरक्षित बनाएगी। साथ ही यह उपयोगकर्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करेगी और ऐसा नेटवर्क उपलब्ध कराएगी जो पर्यावरण के अनुकूल होगा।' चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में एयरटेल पूंजीगत व्यय मद में 13,061 करोड़ रुपये पहले ही खर्च कर चुकी है। वित वर्ष 2024 में कंपनी का पूंजीगत व्यय 33,353 करोड़ रुपये रहा था जो वित्त वर्ष 2023 के 28,057 करोड़ रुपये से अधिक था।

# टाटा संस की बोर्ड बैठक में शामिल होंगे नोएल!

**साल** 2022 में टाटा संस के एसोसिएशन ऑफ आर्टिकल्स में विशेष रूप से संशोधन किया गया था ताकि कोई भी व्यक्ति एक ही समय में टाटा संस और टाटा ट्रस्ट दोनों का चेयरमैन पद नहीं संभाल सकता है। एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में समूह के मानद चेयरमैन के रूप में रतन टाटा ने 24 अक्टूबर, 2016 को टाटा संस के बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की थी और सायरस मिस्त्री को चेयरमैन पद से हटा दिया गया था। उसके बाद 21 फरवरी, 2017 को चंद्रशेखरन के कार्यकारी चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभालने तक रतन टाटा को टाटा संस का अंतरिम चेयरमैन नियुक्त किया गया था।

# उत्तर भारत पहुंचा नंदिनी, तगड़ा होगा मुकाबला

शाइन जैकब
चेन्नई, 20 नवंबर

**उत्तर** भारत के दुग्ध बाजार में अब प्रतिस्पर्धा और तगड़ी होने वाली है। कर्नाटक का स्थानीय डेरी ब्रांड नंदिनी भी अब उत्तर भारत के बाजार में प्रवेश करने जा रहा है। फिलहाल, उत्तर भारत के बाजार में गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के प्रमुख ब्रांड अमूल और राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की इकाई मदर डेरी का दबदबा है। गुरुवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया राष्ट्रीय राजधानी में नंदिनी पेश करेंगे। शुरू में कंपनी दिल्ली के आकर्षक बाजारों में दूध और दही की बिक्री करेगी।

आई-मार्क समूह की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली के डेरी बाजार का मूल्यांकन सालाना 72,630 करोड़ रुपये था और इसके साल 2032 तक 1.87 लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है यानी यह साल 2024 से 2032 के बीच सालाना 10.7 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक दर से बढ़ेगा। अभी दक्षिण भारत की प्रमुख कंपनी दिल्ली के बाजार को साधना चाह रही है और उसकी योजना निकट भविष्य में गाजियाबाद, नोएडा, गुड़गांव और हरियाणा के अन्य इलाकों सहित उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी पहुंचने की है।

कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (केएमएफ) के प्रबंध निदेशक एमके जगदीश ने कहा, 'हम प्रतिस्पर्धा करेंगे और अपनी दुग्ध की गुणवत्ता से उन्हें मात देंगे। हम रोजाना करीब 92 लाख लीटर दूध खरीदते हैं और कर्नाटक के बाजार में हर दिन 45 से 50 लाख लीटर दूध की खपत होती है। अन्य बाजारों को भी ध्यान में रखते हुए हमारे पास हर दिन 30 लाख लीटर दूध बचता है और इसलिए हम उत्तर भारत के बाजार को आक्रामक तरीके से साधना चाह रहे हैं।'

भोपाल संस्करण : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं